बिन जोगी के कोई ना साथ निभायेगा.

क्या जग में लाया था क्या लेकर जायेगा,
बिन जोगी के कोई ना साथ निभायेगा.

कलयुग में जोगी का इक नाम आधार है,
दुःख दूर भगा देता उसका जैकारा है,

ये दुनिया मतलब की कोई साथ निभाये न,
वो झोलियाँ भरता है कोई खाली जाये न

किस बात पे रोते हो किस बात का रोना है,
जो नाथ मेरा चाहे वो ही तो होना है,

लाखो ही तारे है तुझको कोई भी तारे गा,
क्यों कमल डोले वो कष्ट निवारे गा,

क्या जग में लाया था क्या लेकर जायेगा,
बिन जोगी के कोई ना साथ निभायेगा.

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/10710/title/bin-jogi-ke-koi-na-sath-nibhaayega

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |